Coverage Report: TCS IT Wiz – Kolkata Edition

Publication: New Ispat Mail
Date: 01/09/2016
Edition: Jamshedpur
Page No: 8
Headline: Loyola School wins TCS IT Wiz

लोयोला स्कूल ने जीता टीसीएस आईटी विज

जमशेदपुर : टाटा कंसलटेंसी सर्विस (टीसीएस) की ओर से कोलकाता के कलामंदिर (संगीत कला मंदिर ट्रस्ट सभागार) में इंटर स्कूल क्विज 'टीसीएस आईटी विज' का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के वर्ग 8 से 12 के लगभग 1042 बच्चों ने भाग लिया. क्विज के इस वर्ष का विषय 'डिफॉल्ट इंड डिजिटल' था. टॉप छह टीमें प्रीलिमिनरी राउंड के लिये चयनित हुए. उनके बीच 5 राउंड प्रतियोगिता हुए, जिसे लोयोला स्कूल के अनुभव कुमार सिंह तथा प्रणित शेखर ने अपने नाम कर लिया.

उप विजेता के रुप में राजेन्द्र विद्यालय के सदान कलाम तथा अदनान अजमत रहे. विजेताओं को डा. संघमित्रा बंदोपाध्याय (निदेशक, इंडियन स्टटीकल इंस्टीच्यूट) ने पुरस्कृत किया. मौके पर टीसीएस के सुरेश मेनन (वीपी सह जीएम, ईस्टर्न रिजन) भी मौजूद थे. क्विज मास्टर की भूमिका गिरी पिंकब्रेन सुब्रह्मण्यम ने निभाई.